उत्तर प्रदेश शासन,

ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग,

संख्या-1/5511/92-2014-91जांच/2014

लखनऊ:: दिनांक 02 जनवरी, 2015

**कार्यालय-ज्ञाप**

जनपद-गोण्डा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत कराये गये कार्यो की एन0क्यू0एम0 एवं एस0टी0ए0 की संयुक्त टीम द्वारा की गयी निरीक्षण आख्या में पायी गयी अनियमितताओं एवं समय से कार्य न कराये जाने हेतु प्रथमदृष्टया: उत्तरदायी पाये गये श्री अवधेश मणि त्रिपाठी, तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0-2 गोण्डा सम्प्रति पी0आई0यू0-देवरिया, श्री कृपाल सिंह वर्मा, तत्कालीन सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0-2 गोण्डा सम्प्रति पी0आई0यू0-2 उन्नाव एवं श्री बाबू लाल रावत, सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0-2 गोण्डा के विरूद्व उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली-1999 के नियम-7 के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुए मुख्य अभियन्ता (पश्चिमी क्षेत्र), ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को जांच अधिकारी नामित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- जांच अधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि वे कृपया नियमानुसार विभागीय जांच की कार्यवाही पूर्ण कर जांच आख्या शासन को एक माह में अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

श्री राज्यपाल की आज्ञा से,

कुमार कमलेश

प्रमुख सचिव।

**संख्या- 1/5511(1)/92-2014, तददिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।

2- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त अधिकारियों के विरूद्व संस्थित अनुशासनिक कार्यवाही की जांच हेतु संगत साक्ष्यों सहित आरोप पत्र गठित कर दो प्रतियों में शासन को एक सप्ताह में अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3- मुख्य अभियन्ता (पश्चिमी)/जांच अधिकारी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
मुख्य अभियन्ता (पूर्वी), ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

4- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।

5- सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।

6- सम्बन्धित अभियंतागण द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( शिशिर कुमार यादव )

विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in